छह युवाओं ने उत्तराखंड में खोजा नया ताल

चर्चा में क्यों?

हाल ही में उत्तराखंड में टिहरी, पौड़ी और रुद्रप्रयाग जनपद के छह युवाओं ने हिमालय क्षेत्र में नया ताल खोज निकाला है। अभी ताल को कोई नाम नहीं दिया गया है। यह ताल 160 मीटर लंबा व 155 मीटर चौड़ा है।

प्रमुख बिंदु

- गौंडार गाँव के अभिषेक पंवार व आकाश पंवार, गरीया गाँव के दीपक पंवार, टिहरी-बडियागढ़ के विनय नेगी व ललित मोहन लिंगवाल और खंडाह-श्रीनगर के अरविंद रावत ने बीते 27 अगस्त को गौंडार गाँव से अपने ट्रेकिंग अभियान की शुरुआत की।
- दल में शामिल अभिषेक पंवार ने बताया कि अनाम ताल के चारों तरफ नंदी कुंड, कांछनी ताल, आशीत ताल, मैना ताल स्थित हैं। टिहरी-बडियारगढ़ के विनय सिंह नेगी ने बीते वर्ष जून-जुलाई में गूगल अर्थ में मँहेश्वर-पांडवसेरा-नंदकुंडी-घिया विनायक पास-पनपतिया ट्रेकिंग सर्किट के निकट एक ताल को पाया।
- उन्होंने पूरे ट्रेकिंग सर्किट का डिजिटिल मैप तैयार किया और पुराने नक्शों की मदद भी ली। इसके बाद सभी छह युवाओं ने इस अनाम ताल की खोजबीन की योजना बनाई और ताल खोज अभियान शुरू किया। युवा ट्रेकर गूगल अर्थ व पुराने नक्शों की मदद से ताल तक पहुँचे। नया ताल बहुत ही सुंदर व भव्य है।
- युवाओं के अनुसार समुद्रतल से 4350 मीटर की ऊँचाई पर स्थित सूखा ताल से वे ग्लेशियर कैंप स्थल पहुँचे जो समुद्रतल से 5100 मीटर की ऊँचाई पर है। इसके बाद ट्रेकर एक सितंबर को ग्लेशियर कैंप से आगे बढ़ते हुए लगभग डेढ़ सौ मीटर नीचे उतरे जहाँ पर उन्हें यह ताल नज़र आया।
- यह ताल समुद्रतल से 4870 मीटर की ऊँचाई पर स्थित है। ताल की लंबाई 160 मीटर, चौड़ाई 155 मीटर है। ताल के नामकरण को लेकर उस पूरे क्षेत्र का अध्ययन किया जाएगा जो प्राचीन ताल व कुंड से सजा हुआ है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/six-youth-discovered-new-rhythm-in-uttarakhand